प्रदेश अध्यक्ष की कलम से..........

स्नेही स्वजन,

विवाह संस्कार भारतीय परम्परा के षोडश संस्कारों में एक महत्वपूर्ण संस्कार है जो समाज की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में सहयोगी है। ऋषि–मुनियों के द्वारा लोकहित में स्थापित की गई यह व्यवस्था मानवीय मूल्यों की सामाजिक मर्यादा कायम करने हेतु बनाई गई। जिसके आधार पर प्रकृति के अधीन रहकर मानव संबंधों के महत्व एवं उसके कर्त्तव्यों को भली भांति समझ सका ।

भारतीय वैश्य महासंघ के द्वारा आयोजित वैवाहिक परिचय सम्मेलन भी उसी आर्ष परम्परा के निर्वाह में है। जिसके माध्यम से समाज के विवाह योग्य युवक–युवतियों को एक मंच प्रदान कर एवं पारस्पारिक परिचय कराकर जीवन जीने हेतु मार्ग प्रशास्त करने का प्रयास किया गया है। यह सम्मेलन निश्चय ही अपने आप में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसी सामाजिक यज्ञ में सहयोग देने वाले वे सभी लोग आदरणीय है। जिन्होंने अपने योगदान विविध रूपों में देकर इस अनुष्ठान को सफल बनाया है ।

इस परिचय सम्मेलन की पूर्णता हेतु संरक्षक श्री नरेश बंसल, महानगर अध्यक्ष श्री विनोद गोयल, विवेक अग्रवाल, रमा गोयल, अरूणलता गोयल, अन्नू गोयल, वर्षा गोयल, मीनाक्षी अग्रवाल, महेश चन्द गर्ग, महावीर प्रसाद जी, अजय गर्ग एवं समस्त पदाधिकारियो एवं सदस्यों के के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। जिन्होने इसमें भरपूर सहयोग प्रदान किया। इस वैवाहिक परिचय समारोह हेतु स्मारिका प्रकाशित की गई, उसके लिए इसके यशस्वी व आदरणीय संपादक एवं प्रदेश संयोजक श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल एवं उनके सहयोगियों के प्रति विन्रम कृतज्ञता ज्ञपित करता हूँ।

भारतीय वैश्य महासंघ ने अपने दायित्व को गरिमापूर्ण रूप में निभाते हुए समाज की अतिरिक्त अथक सेवा की है तथा समय समय पर समाज में जागरूकता, एकता एवं भाईचारे के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का सफलता पूर्वक आयोजन किया जिसमें दीपावली पर दीपदान, महाराज अग्रसैन की अग्रकथा तथारंगों का त्यौहार होली प्रमुख है ।

संस्था के द्वारा नेत्रदान तथा अंगदान का कार्य भी दिनांक 27.05.2018 से आरम्भ किया जा रहा है, जिसमें न सिर्फ वैश्य समाज अपितु प्रत्येक वर्ग लाभान्वित होगा ।

अन्त में मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहूँगा कि भारतीय वैश्य महासंघ ने समाज में अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह जिस सूझबूझ, लग्न, निष्ठा, दूरदर्शिता, कटस्थ साहस तथा उत्साह के साथ किया है वह नि:सन्देह प्रशंसनीय है।

मैं अपनी ओर से भारतीय महासंघ महानगर के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण का भी अभिनन्दन करता हूँ। जिनके प्रयास से यह सब संभव हो सका ।

चतुर्थ परिचय सम्मेलन

विनय गोयल

प्रदेश अध्यक्ष